# आकाशवाणी शिमला
## 22.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार :-**

- **उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– राज्य में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए एच.आर.टी.सी. के बेड़े में शामिल होंगी 7 सौ नई बसें।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।**
- **प्रदेश भाजपा के अनुसार– केन्द्रीय बजट 2025–26 में हिमाचल के लिए 11 हज़ार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान।**
- **प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ अभीनिवृत्ति अभियान चलाएगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद।**

**उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए एच.आर.टी.सी. के बेड़े में जल्द ही करीब 7 सौ बसों की खरीद की जाएगी। शिमला में आज निगम की निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नई बसों के आने से प्रदेश के दूरस्थ गांवों तक आवागमन की सुविधा मिलेगी जिससे प्रदेश के लोगों सहित पर्यटक भी लाभान्वित होंगे। अग्निहोत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान एच.आर.टी.सी. ने लगभग 70 करोड़ रूपए की आय अर्जित की है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 2 साल से कर्मचारियों व पैंशनरों को समय पर वेतन दिया जा रहा है जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने कर्मचारियों और पैंशनरों की अनदेखी की है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 19वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि मुद्रण व लेखन सामग्री विभाग को आधुनिक मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने आज शिमला के मुद्रण व लेखन सामग्री विभाग का दौरा किया और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार विभाग को सशक्त बनाने के हर संभव प्रयास कर रही है और विभाग में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के 33 पदों को भरने की मंजूरी दी गई है। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विभाग के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की समस्याओं को सुना।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार आर्थिक चुनौतियों के बावजूद राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। चम्बा ज़िला के दौरे के दूसरे दिन आज उन्होंने 6 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से निर्मित चण्डी–बडोह सड़क कार्य का लोकार्पण किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चुराह विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विभागों से संबंधित 83 करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के पिछले 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान लगभग 13 सौ किलोमीटर नई सड़कें बनाई गई हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़कें पहाड़ी राज्य हिमाचल की जीवन रेखा है और सरकार द्वारा छोटे व कम आबादी वाले गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

**केन्द्रीय बजट–भाजपा**

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि केन्द्रीय बजट 2025–26 एक ऐतिहासिक बजट है और इसमें 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखी गई है। हमीरपुर में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ज़िलों में बजट पर भाजपा द्वारा विशेष संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जन–जन तक बजट की जानकारी पहुंच सके। बिहारी लाल ने कहा कि 2025–26 के बजट में 12 लाख रूपए तक की आय में टैक्स छूट का प्रावधान है जिससे हिमाचल के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा।

इस बीच, प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा है कि केन्द्रीय बजट देश सहित प्रदेश के गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक है। कुल्लू में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से हिमाचल को लगभग 55 हज़ार करोड़ की कर हस्तांतरण राशि और एक लाख 42 हज़ार करोड़ रूपए की केन्द्रीय अनुदान राशि प्राप्त हुई है। राकेश जम्वाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में हिमाचल के लिए लगभग 11 हज़ार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार केन्द्रीय योजनाओं के प्रति गंभीर नहीं है और लगातार केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में बाधा डाल रही है।

**अभियान**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ए.बी.वी.पी. प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ अभीनिवृत्ति अभियान चलाएगी। ए.बी.वी.पी. की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि इस अभियान के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हुआ ये अभियान 20 मार्च तक चलेगा। नैंसी अटल ने राज्य सरकार से नशा माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग भी की है।

**केवल पठानिया**

उपमुख्य सचेतक व हिमाचल पावर लिफ्टिंग फैडरेशन के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए उन्हें दी जाने वाली पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। जालंधर में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रूपए की गई है। पठानिया ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में

हिमाचल का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित कर उनके संघर्ष को उचित मान–सम्मान दिया जा रहा है।

**मांग**

चम्बा ज़िला के दुर्गम क्षेत्र पांगी की राजकीय प्राथमिक पाठशाला खजियार और रेई में नियुक्त एस.एम.सी. अध्यापकों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से इन पाठशालाओं में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। रेई पंचायत प्रधान खेली देवी शर्मा ने राज्य सरकार व पांगी प्रशासन से इन स्कूलों में पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए अध्यापकों की तैनाती करवाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने पाठशालाओं में अध्यापकों के रिक्त पदों को जल्द भरने का भी आग्रह किया है। खेली देवी शर्मा ने रेई पंचायत में पिछले 15 दिनों से बंद बी.एस.एन.एल. की संचार सुविधा को जल्द बहाल करने की मांग भी की है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार का पिछले सवा दो वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। वे आज नाहन में सोलन व सिरमौर ज़िला भाजपा की कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं के साथ धोखा व अन्याय किया है और सरकार ने झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी नौकरी और 5 लाख रोजगार अपनी पहली कैबिनेट में देने की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस ने नौकरियां तो नहीं दी लेकिन नौकरी देने वाला संस्थान ही बंद कर दिया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर :-**

- **उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– राज्य में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए एच.आर.टी.सी. के बेड़े में शामिल होंगी 7 सौ नई बसें।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।**
- **प्रदेश भाजपा के अनुसार– केन्द्रीय बजट 2025–26 में हिमाचल के लिए 11 हज़ार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान।**
- **प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ अभीनिवृत्ति अभियान चलाएगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद।**